Total Pages : 4

K-54

B.A. (Part-II) Examination, 2022

(Old Course)

हिन्दी भाषा

(हिन्दी निबंध तथा अन्य गद्य विधायें)

[प्रश्नपत्र-द्वितीय]

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks :75

Minimum Passing Marks : 25

Note : प्रत्येक इकाई से प्रश्न करना अनिवार्य है।

इकाई-I

1. निम्नलिखित गद्यांश में से **किन्हीं तीन** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

   (क) दुनिया का भविष्य उचित समय पर उचित काम करने वालों के हाथ में है। दुनिया की सारी दौलत, सारा आराम, सारा जस उसका है जो अपनी जगह पर कायम है और काम का जो छोटा हिस्सा उसका है, उसे मशीन की तरह पूरा कर रहा है। [7x3=21]

(ख) शरीर जब तक दूसरों पर लदा है, तब तक मुटाता है। जब अपने ही ऊपर चढ़ जाता है, तब दुबलाने लगता है।जिन्हें मोटे रहना है, वे दूसरों पर लदे रहने का सुमीता कर लेते हैं - नेता जनता पर लदता है, साधु भक्तों पर, आचार्य महत्वाकांक्षी छात्रों पर और बड़ा साहब जूनियरों पर।

(ग) पर मन की अमराई अभी बनी हुई है, क्योंकि वह अमराई शहरी जिंदगी की दुर्निवार आवश्यकता है, शहरी जिंदगी, जो अब नहीं बन पाती, जड़ से मर नहीं पाती, भीतर से जोड़ नही पाती, दया की मार से मर नहीं पाती वह इसलिए क्योंकि अमराई मन के ऊपर छाई हुई है।

(घ) क्रोध, शांति-भंग करने वाला मनोविकार है। एक का क्रोध, दूसरे में भी क्रोध का संचार करता है जिसके प्रति क्रोध-प्रदर्शन होता है, वह तत्काल अपमान का अनुभव करता है और इस दुःख पर उसकी भी त्यौरी चढ़ जाती है। वह विचार करने वाले बहुत थोड़े निकलते हैं हम पर जो क्रोध प्रकट किया जा रहा है, वह उचित है या अनुचित । इसी से धर्म, नीति और शिष्टाचार तीनों में क्रोध के विरोध का उपदेश पाया जाता है।

इकाई-II

2. 'क्रोध' निबंध के आधार पर आचार्य रामचन्द्र शुक्ल की निबंध कला पर प्रकाश डालिए। [12]

अथवा

अंधेर नगरी की नाटकीयता का निरूपण कीजिए।

इकाई–III

3. 'औरंगजेब की आखिरी रात' एकांकी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए। [12]

अथवा

डॉ. रामकुमार वर्मा का एकांकी के क्षेत्र में क्या योगदान है ? सविस्तार लिखिए।

इकाई–IV

4. निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों का उत्तर दीजिए। [5x3=15]

(क) महादेवी वर्मा के रेखाचित्रों पर प्रकाश डालिए।

(ख) हबीब तनवीर के नाटकों पर संक्षिप्त प्रकाश डालिए।

(ग) राहुल सांकृत्यायन का रचना संसार विषय पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

(घ) पं. विद्या निवास मिश्र की निबंध योजना का निरूपण कीजिए।

इकाई-V

5. निम्नलिखित में से **पन्द्रह** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए। [1x15=15]

(1) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

(2) 'स्ट्राइक' एकांकी के लेखक कौन है ?

(3) औरंगजेब की पुत्री का नाम लिखिए।

(4) हिन्दी के दो ललित निबंधकारों का नाम लिखिए।

(5) हजारी प्रसाद द्विवेदी के दो निबंध संग्रहों का नाम लिखिए।

(6) बिसाखा राम किस एकांकी का पात्र है ?

(7) 'दस हजार' रचना के लेखक का नाम लिखिए।

(8) 'चिंतामणि' किस रचनाकार का निबंध संग्रह है ?

(9) जयशंकर प्रसाद के दो नाटकों का नाम लिखिए।

(10) 'कुटज' किस विधा की रचना है ?

(11) काव्येषु नाट्यम रम्यम्' के लेखक का नाम लिखिए।

(12) मम्मी ठकुराईन के लेखक कौन हैं ?

(13) पहली एकांकी की रचना का नाम लिखिए।

(14) 'अंधा युग' के लेखक का नाम लिखिए।

(15) 'सच्ची वीरता' निबंध के लेखक कौन हैं ?

(16) 'हिन्दी साहित्य की भूमिका' पुस्तक के लेखक का नाम लिखिए।

------x-------